Title : Regarding need to clear Kasau Dam project on river Yamuna for promoting irrigation in Delhi, Haryana and Uttar Pradesh.

(iii) Need to clear Kasau Dam project on river Yamuna for promoting irrigation in Delhi, Haryana and Uttar Pradesh.

श्री सज्जन कुमार (बाहरी दिल्ली) : अध्यक्ष महोदय, संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार का कृषि क्षेत्र को विकसित करने तथा उत्पादक बढ़ाने में प्राथमिकता देने का एजेण्डा है। कृषि उत्पादन में प्रगति के लिये सिंचाई परियोजनाओं को स्वीकृति दिया जाना आवश्यक है। दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश का कुछ भाग ऐसा है, जहां अभी इस क्षेत्र में केवल 10 लाख एकड़ होने की संभावना है। सिंचाई के लिये पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं है। इसको मद्दे नजर रखते हुए 1994 में इन राज्यों में यमुना नदी पर कसाउ डेम परियोजना पर एक करार हुआ था, जो जल संसाधन मंत्रालय में लम्बित पड़ी है। मेरी जानकारी है कि मंत्रालय ने हाल में संबंधित राज्यों से बातचीत की है, उसमें क्या निर्णय लिया गया, उसकी जानकारी नहीं है।

मैं सरकार से आग्रह करता हूं कि इस परियोजना को स्वीकृति दी जाये तथा उसके लिये आवश्यक फण्ड्स मुहैया कराया जाये, जिससे यह राज्य कृषि भूमि में सिंचाई से लाभान्वित हो सके तथा कृषि उत्पादन में वृद्धि हो।